◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION UNDER PROCESS
Application No. T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN 24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

धर्म

वारिसलीगंज के स्टेशन रोड में अक्षय नवमी पर उमड़ी भक्तों की भीड़; भगवान सूर्य नारायण समिति के तत्वावधान में भव्य भंडारे का हुआ आयोजन



वारिसलीगंज के स्टेशन रोड में आज अक्षय नवमी के अवसर पर भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला। प्रत्येक वर्ष की भांति इस बार भी भगवान सूर्य नारायण की समिति और स्थानीय कार्यकर्ताओं के विशेष प्रयासों से विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।

सुबह से ही स्टेशन रोड का पूरा इलाका 'जय सूर्य देव' के जयकारों और उत्सव के माहौल से गूंज उठा। सभी कार्यकर्ताओं और युवा वालंटियरों ने मिलकर पूरी तन्मयता और श्रद्धा के साथ अपने हाथों से पारंपरिक खिचड़ी प्रसाद तैयार किया। इस दौरान सेवा और समर्पण की ऐसी मिसाल देखने को मिली, जहां हर कोई बढ़-चढ़कर अपनी सेवा देने में जुटा हुआ था।

भंडारे की शुरुआत होते ही वारिसलीगंज क्षेत्र और आसपास के ग्रामीण इलाकों से बड़ी संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध होकर महाप्रसाद ग्रहण किया। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक, सभी ने इस भव्य आयोजन में शामिल होकर सूर्य भगवान का आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में स्थानीय दुकानदारों, निवासियों और समर्पित कार्यकर्ताओं का अभूतपूर्व योगदान रहा। सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का परिचय देते हुए आए हुए आगंतुकों को बड़े ही प्रेम और आदर के साथ प्रसाद परोसा। आयोजकों ने बताया कि भगवान सूर्य नारायण की कृपा से हर साल यह आयोजन और भी अधिक भव्य रूप लेता जा रहा है, जिससे पूरे क्षेत्र में आध्यात्मिक ऊर्जा और एकता का संचार होता है।

"तो यह थी वारिसलीगंज के स्टेशन रोड से अक्षय नवमी के इस पावन भंडारे की खास रिपोर्ट। कार्यकर्ताओं के इस अटूट उत्साह और श्रद्धालुओं की भीड़ ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि वारिसलीगंज की संस्कृति में आस्था और सेवा का भाव सर्वोपरि है। वीडियो और कैमरा पर्सन के साथ, मैं राहुल पांडे, नीड 24 न्यूज, वारिसलीगंज, नवादा।"

— Rahul Pandey

शिक्षा

जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक में जिलाधिकारी विनोद दूहन ने विकास के दिशा-निर्देश जारी किए



जिलाधिकारी अररिया, श्री विनोद दूहन की अध्यक्षता में जवाहर नवोदय विद्यालय की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक प्रबंधन, बुनियादी ढाँचे और विद्यार्थियों की सुविधाओं से जुड़े प्रमुख मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक के दौरान शैक्षणिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने, कक्षाओं एवं प्रयोगशालाओं की आधारभूत संरचना को उन्नत करने और विद्यार्थियों के समग्र विकास के लिए आवश्यक सुविधाओं को बढ़ाने के दिशा-निर्देश प्रदान किए गए।

जिला प्रशासन ने इन दिशा-निर्देशों को शीघ्र कार्यान्वित करने की प्रतिबद्धता जताई, जिससे विद्यालय का समग्र विकास और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित हो सके।

— Kanhaiya Kumar Jha

स्वास्थ्य

अररिया में अवैध निजी चिकित्सा संस्थानों पर सख्त कार्रवाई, चार संस्थानों को सील किया गया



जिला पदाधिकारी विनोद दुहन के निर्देश पर अररिया में अवैध रूप से संचालित निजी नर्सिंग होम, क्लिनिक, पैथोलॉजी लैब और अल्ट्रासाउंड केंद्रों के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया, जिसके परिणामस्वरूप चार संस्थानों को सील किया गया।

धावा दल ने जोगबनी, फारबिसगंज, पलासी, जोकीहाट और अररिया शहरी क्षेत्र में जांच की, जहाँ आवश्यक निबंधन, संचालन अनुमति और स्वास्थ्य मानकों की जाँच की गई।

सील किए गए संस्थानों में अररिया शहरी क्षेत्र के अमन नर्सिंग होम, रिफा नर्सिंग होम, ड्रीम पैथो लैब तथा फारबिसगंज स्थित प्राइम नर्सिंग होम शामिल हैं।

जांच दल में अनुमंडल अधिकारी, नगर परिषद कार्यपालक और प्रखंड चिकित्सा अधिकारी शामिल थे, जिन्होंने दस्तावेज़ और मानकों की विस्तृत जाँच की।

जिला प्रशासन ने कहा कि बिना वैध निबंधन और अनुमति के संचालित संस्थानों के विरुद्ध कार्रवाई जारी रहेगी और नागरिकों से अनुरोध किया कि वे केवल मान्यता प्राप्त स्वास्थ्य संस्थानों का चयन करें।

— Kanhaiya Kumar Jha

देश

छठ पूजा पर घर लौट रहे मनीष कुमार झा लापता, 5 दिनों से नहीं मिला कोई सुराग। पति की सकुशल बरामदगी के लिए पत्नी अन्नू कुमारी ने पुलिस अधीक्षक अररिया से लगाई गुहार।



बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज से एक बेहद चिंताजनक मामला सामने आया है। छठ पूजा के अवसर पर अपने घर लौट रहे 32 वर्षीय मनीष कुमार झा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए हैं। बताया जा रहा है कि मनीष कुमार 13 नवंबर 2026 को पश्चिम बंगाल के आद्रा रेलवे स्टेशन से ट्रेन द्वारा अपने घर के लिए रवाना हुए थे, लेकिन आज तक घर नहीं पहुंचे। उनका मोबाइल फोन भी बंद आ रहा है। पति की तलाश में परेशान पत्नी अन्नू कुमारी ने अब पुलिस अधीक्षक अररिया से मदद की गुहार लगाई है।

पूरी खबर:

मिली जानकारी के अनुसार, मनीष कुमार झा पश्चिम बंगाल स्थित Sakambari Power Ispat Ltd. कंपनी में डिस्पैच मैनेजर के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने 16 सितंबर 2026 को कंपनी में नौकरी शुरू की थी।

बताया जा रहा है कि 13 नवंबर को छठ पूजा के अवसर पर वे अपने घर फारबिसगंज आने के लिए आद्रा स्टेशन से खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 18035 से रवाना हुए थे।

लेकिन सबसे बड़ा सवाल यह है कि ट्रेन से घर के लिए निकले मनीष कुमार आखिर कहां गायब हो गए?

परिजनों के अनुसार, यात्रा के दौरान एक अन्य व्यक्ति के मोबाइल नंबर 8101846901 से बातचीत की जानकारी मिली है। बताया गया है कि उक्त व्यक्ति बोकारो स्टेशन पर उतर गया था। अब परिवार इस पूरे घटनाक्रम की निष्पक्ष जांच की मांग कर रहा है।

मनीष कुमार की पत्नी अन्नू कुमारी का कहना है कि परिवार के लोग लगातार उनकी तलाश कर रहे हैं, लेकिन अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है। मोबाइल फोन लगातार बंद होने से परिवार की चिंता और बढ़ गई है।

पुलिस प्रशासन से 10 सूत्री मांग:

मनीष कुमार की पत्नी ने पुलिस अधीक्षक अररिया को आवेदन देकर गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करने, रेलवे स्टेशन के CCTV फुटेज की जांच कराने, आद्रा और बोकारो सहित संभावित रेलवे स्टेशनों की GRP एवं RPF से समन्वय स्थापित करने तथा मोबाइल की अंतिम लोकेशन और कॉल डिटेल रिकॉर्ड की नियमानुसार जांच कराने की मांग की है।

इसके अलावा Sakambari Power Ispat Ltd. कंपनी के प्रबंधन, जनरल मैनेजर और संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ कर मनीष कुमार की अंतिम उपस्थिति और कंपनी छोड़ने से संबंधित जानकारी प्राप्त करने की भी मांग की गई है।

परिवार ने बिहार और पश्चिम बंगाल के संबंधित थानों, रेलवे पुलिस, अस्पतालों एवं बस स्टैंडों पर भी उनकी तलाश कराने की अपील की है।

पत्नी की भावुक अपील:

मनीष कुमार की पत्नी अन्नू कुमारी ने पुलिस प्रशासन और आम लोगों से अपील की है कि उनके पति की तलाश में सहयोग करें। उनका कहना है कि उन्हें सिर्फ अपने पति की सकुशल वापसी चाहिए।

आम जनता से अपील:

यदि किसी भी व्यक्ति को मनीष कुमार झा के संबंध में कोई जानकारी मिलती है, तो कृपया परिवार या नजदीकी पुलिस थाने को तत्काल सूचना दें।

परिवार का संपर्क नंबर:

8252560778

8789758358

रिपोर्ट: 24 NEWS

फारबिसगंज, जिला अररिया, बिहार।

अब देखना यह होगा कि पुलिस प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी से कार्रवाई करता है और कब तक मनीष कुमार झा को सकुशल उनके परिवार तक पहुंचाया जा सकता है।

— Kanhaiya Kumar Jha

देश

सेवा में,



सेवा में,

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अररिया

विषय: मेरे पति श्री मनीष कुमार झा (उम्र लगभग 32 वर्ष) की दिनांक 13-11-2026 से गुमशुदगी के संबंध में त्वरित खोजबीन, रेलवे एवं कंपनी स्तर पर जांच, तकनीकी साक्ष्यों की जांच तथा सकुशल बरामदगी हेतु आवेदन।

महोदय,सविनय निवेदन है कि मैं अन्नू कुमारी, पति श्री मनीष कुमार झा, निवासी कटहारा, वार्ड संख्या 10, किरकिचिया पंचायत, फारबिसगंज, जिला अररिया, बिहार की निवासी हूँ।

लगभग 32 वर्ष) की दिनांक 13-11-2026 से गुमशुदगी के संबंध में त्वरित खोजबीन, रेलवे एवं कंपनी स्तर पर जांच, तकनीकी साक्ष्यों की जांच तथा सकुशल बरामदगी हेतु आवेदन।

महोदय,सविनय निवेदन है कि मैं अन्नू कुमारी, पति श्री मनीष कुमार झा, निवासी कटहारा, वार्ड संख्या 10, किरकिचिया पंचायत, फारबिसगंज, जिला अररिया, बिहार की निवासी हूँ।

निवेदन है कि मेरे पति श्री मनीष कुमार झा, उम्र लगभग 32 वर्ष, मोबाइल नंबर +91 93844 46910, पश्चिम बंगाल स्थित Sakambari Power Ispat Ltd. कंपनी में Dispatch विभाग में Dispatch Manager के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने दिनांक 16-09-2026 को कंपनी में कार्य प्रारंभ किया था। जनरल मैनेजर श्री यशवंत सिंह (मोबाइल नंबर 7547901322) के माध्यम से उन्होंने उक्त कंपनी में नौकरी ज्वाइन की थी। कॉल से बातचीत प्राप्त जानकारी के अनुसार मोबाइल Swich off हो गया।

मेरे पति दिनांक 13-11-2026 को छठ पूजा के अवसर पर अपने घर आने के लिए लगभग आद्रा स्टेशन से दोपहर 1:00 बजे ट्रेन से प्रस्थान किए थे, लेकिन अत्यंत चिंता का विषय है कि वे अभी तक घर नहीं पहुंचे हैं। उनका मोबाइल फोन भी लगातार बंद आ रहा है। परिजनों द्वारा अपने स्तर से लगातार खोजबीन की जा रही है, लेकिन अब तक उनका कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस घटना के कारण पूरा परिवार अत्यंत चिंतित एवं मानसिक परेशानी में है।

उक्त यात्रा के दौरान जिस व्यक्ति के मोबाइल फोन से बातचीत हुई थी, उसका मोबाइल नंबर +91 8101846901 है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वह व्यक्ति (बांकारो) स्टेशन पर उतर गया था। अतः उक्त मोबाइल नंबर एवं संबंधित व्यक्ति की पहचान तथा बातचीत के विवरण की भी नियमानुसार जांच कराई जाए।

मेरे पति की गुमशुदगी की परिस्थितियों को देखते हुए उनकी सुरक्षा एवं जीवन को लेकर परिवार के सभी सदस्य अत्यंत चिंतित हैं। अतः पुलिस प्रशासन से तत्काल सहायता की आवश्यकता है।

अतः श्रीमान से विनम्र अनुरोध है कि निम्नलिखित बिंदुओं पर तत्काल कार्रवाई करने की कृपा करें:

1. मेरे पति मनीष कुमार झा की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर तत्काल खोजबीन प्रारंभ कराई जाए।

2. खड़गपुर–हटिया एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 18035) के संभावित रेल यात्रा मार्ग तथा संबंधित रेलवे स्टेशनों के CCTV फुटेज की जांच कराई जाए।

3. आद्रा, बोकारो एवं अन्य संभावित रेलवे स्टेशनों के GRP एवं RPF से समन्वय स्थापित कर उनकी तलाश कराई जाए।

4. उनके मोबाइल नंबर की अंतिम लोकेशन, CDR एवं अन्य उपलब्ध तकनीकी साक्ष्यों की जांच नियमानुसार कराई जाए।

5. मोबाइल नंबर +91 8101846901 से संबंधित व्यक्ति की पहचान एवं दिनांक 13-11-2026 को हुई बातचीत के संबंध में आवश्यक जांच कराई जाए।

6. Sakambari Power Ispat Ltd. कंपनी के प्रबंधन, जनरल मैनेजर श्री यशवंत सिंह तथा संबंधित कर्मचारियों से पूछताछ कर मेरे पति की नौकरी, अंतिम उपस्थिति, कार्यस्थल छोड़ने की तारीख एवं उनके अंतिम संपर्क के संबंध में जानकारी प्राप्त की जाए।

7. पश्चिम बंगाल एवं बिहार के संबंधित थानों को उनकी तस्वीर एवं गुमशुदगी की सूचना भेजी जाए।

8. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, अस्पताल एवं अन्य संभावित स्थानों पर उनकी तलाश कराई जाए।

9. सोशल मीडिया एवं पुलिस के आधिकारिक माध्यमों से उनकी तस्वीर और पहचान प्रसारित कराई जाए।

10. मामले की जांच की प्रगति से परिवार को अवगत कराया जाए तथा मेरे पति को जल्द से जल्द सकुशल बरामद किया जाए।

की सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा कर रही हूँ। परिवार की स्थिति अत्यंत चिंताजनक है। इसलिए आपसे करबद्ध प्रार्थना है कि इस मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देकर शीघ्र एवं निष्पक्ष जांच तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

संलग्न दस्तावेज:

1. गुमशुदा मनीष कुमार झा की दो तस्वीरें।

2. गुमशुदा व्यक्ति के पहचान पत्र की छायाप्रति।

3. Sakambari Power Ispat Ltd. कंपनी के कार्यस्थल एवं नौकरी संबंधी ।

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु:

1. श्रीमान फारबिसगंज पुलिस पदाधिकारी

2. श्रीमान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (SDPO), फारबिसगंज।

3. संबंधित GRP थाना एवं RPF कार्यालय।

4. संबंधित रेलवे पुलिस पदाधिकारी, पश्चिम बंगाल। भवदीया,

श्रीमती अन्नू कुमारी

पति का नाम: श्री मनीष कुमार झा

पता: कटहारा, वार्ड संख्या 10, किरकिचिया पंचायत, फारबिसगंज,

मोबाइल नंबर: 8252560778,+918789758358

— Kanhaiya Kumar Jha

स्थानीय

पटना के हनुमान नगर एमआईजी कॉलोनी में मकान संख्या 29 पर चोरी का मामला



पटना के पत्रकार नगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हनुमान नगर एमआईजी कॉलोनी में स्थित मकान संख्या 29 से चोरी का मामला सामने आया है। इस घर का मालिक राजलक्ष्मी इनटरप्राइजेज के चंदन कुमार जी हैं।

रिपोर्ट के अनुसार, चोरी के दौरान घर के अंदर से कई मूल्यवान वस्तुएँ लूटी गईं। घटना की जानकारी पुलिस को तुरंत दी गई और जांच शुरू की गई।

पत्रकार नगर थाना के अधिकारियों ने तुरंत स्थल पर जांच शुरू की और संदिग्धों को पकड़ने के लिए गश्त बढ़ाई। पुलिस ने यह भी कहा कि चोरी के सबूतों की जाँच जारी है और मामले के साक्ष्य एकत्रित करके आगे की कार्रवाई की जाएगी।

— Anand Kumar, पटना

अपराध

मधुबनी नगवास बरही गांव में धार्मिक आयोजन की रंजिश में अज्ञात बदमाशों ने किया हवाई फायरिंग



रिपोर्टर-- राजीव कुमार झा

मधुबनी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

मधुबनी नगवास बरही गांव में धार्मिक आयोजन के रंजिश में अज्ञात बदमाशों ने की 3 राउंड हवाई फायर, दहशत मे हैं लोग

अंतर्गत नगवास पंचायत के बरही गांव स्थित श्रीहनुमान मंदिर परिसर के नजदीक 18 से 24 नवंबर तक आयोजित होनेवाले शिव महापुराण कथा से एक दिन पूर्व मंगलवार की रात हवाई फायरिंग किये जाने का मामला सामने आया है। आशंका जताई जा रही है कि संभावित धार्मिक आयोजन की रंजिश में दहशत फैलाने के नीयत से असामाजिक तत्वों ने इस तरह की वारदात को अंजाम दिया हो। बताया जा रहा है कि एक बाइक पर सवार होकर आए दो अज्ञात बदमाशों ने दहशत फैलाने के उद्देश्य से कथा स्थल के निकट 3 राउंड हवाई फायरिंग की और फायरिंग कर बदमाश फरार हो गये। हालांकि, इस गोलीबारी में कोई हताहत नहीं हुए हैं। घटना के बाद इस बात की सूचना अरेर थाना को दी गई। सूचना मिलते ही अरेर थानाध्यक्ष आनंद शंकर गौरव के नेतृत्व में पुलिस टीम बिना देर किए मौके पर पहुंच कर छानबीन में जुट गई। जहां जांच के दौरान पुलिस टीम को मौके से 3 खोखा एवं 1 मैगजीन बरामद हुआ। साथ ही पुलिस द्वारा घटना को लेकर मंदिर के पुजारी सहित स्थानीय लोगों एवं प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की गई। थानाध्यक्ष ने घटना कि पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस घटना से संबंधित सभी बिंदुओं की गहन जांच कर रही है, जल्द ही इस मामले का खुलासा कर बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। हलाकि फायरिंग की घटना के बाद से स्थानीय लोगों मे भय का माहौल है।

— Awanish Kumar

सरकारी योजना

पशुधन कि रक्षा के लिए पंचायतों में होगी पशु मित्र कि बहाली



मुजफ्फरपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

पशुधन की रक्षा के लिए पशु मित्र की होगी बहाली, पंचायतों में महिलाओं को सुधा काउंटर देने की योजना ।मंत्री नंदकिशोर राम

बिहार में गौ धन और पशुधन की सुरक्षा को लेकर सरकार पशु मित्रों की बहाली करने जा रही है। न्याय मित्र की तर्ज पर पशु मित्र नियुक्त किए जाएंगे, जो पशुधन संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। वहीं, ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर सुधा काउंटर उपलब्ध कराने की भी योजना है।

ये बातें बिहार सरकार के पशुपालन एवं मत्स्य विभाग के मंत्री नंदकिशोर राम ने मुजफ्फरपुर में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही। कैप्टन निषाद के जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित मत्स्य पालकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के बाद उन्होंने बताया कि मानव शरीर में प्लेटलेट्स की कमी को ध्यान में रखते हुए बकरी का दूध भी सुधा काउंटरों पर उपलब्ध कराया गया है।

वहीं, बिहार सरकार की पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री रमा निषाद ने कहा कि राज्य के प्रत्येक जिले में बच्चियों को शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित करने और उनकी पढ़ाई को बेहतर सुविधा देने के उद्देश्य से 720 बेड क्षमता वाले छात्रावास का निर्माण कराया जाएगा।

दोनों मंत्रियों ने सरकार की योजनाओं और महिला सशक्तीकरण एवं शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल की जानकारी पत्रकारों को दी।

बाइट: नंदकिशोर राम

मंत्री, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग, बिहार सरकार

बाइट रमा निषाद

मंत्री, पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, बिहार सरकार

— Awanish Kumar

पहल से जनता को बड़ी राहत! सहयोग पोर्टल पर मिले 30,645 आवेदनों में से 28,913 का निष्पादन।



आवेदनों में से 28,913 का निष्पादन।

नमस्कार आप देख रहे हैं Need24 News

मधुबनी। आम जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर जिला प्रशासन लगातार सक्रिय है। जिलाधिकाप्राप्त हुरी आनंद शर्मा स्वयं जिले की सुदूरवर्ती पंचायतों में पहुंचकर जमीन पर बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं। सहयोग शिविरों के जरिए प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित किया जा रहा है।

प्रशासन की ओर से मिली जानकारी के अनुसार, सहयोग पोर्टल पर अब तक कुल 30,645 आवेदन ए हैं, जिनमें से 28,913 आवेदनों का निष्पादन किया जा चुका है। शेष लंबित आवेदनों को मिशन मोड में जल्द निष्पादित करने का निर्देश दिया गया है।

बुधवार को अपर समाहर्ता (आपदा) संतोष कुमार ने डीआरडीए सभागार में विभागवार समीक्षा बैठक कर लंबित आवेदनों के शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निष्पादन का निर्देश दिया।

घर बैठे भी दर्ज करा सकते हैं शिकायत

आम नागरिक अपनी शिकायत ऑनलाइन दर्ज कराने के लिए सहयोग पोर्टल पर जा सकते हैं।

वेबसाइट: sahyog.bihar.gov.in

☎ टोल फ्री हेल्पलाइन: 1100

समय: कार्यदिवसों में सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक।

जिला प्रशासन का कहना है कि शिकायतों का समाधान केवल कागजी कार्रवाई तक सीमित न रहे, बल्कि शिकायतकर्ताओं को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए।

Reporter – MD PARWEZ

Need24 News | मधेपुर, मधुबनी

— Md Parwez

धर्म

लखीसराय में संतान कि सुख समृद्धि के लिए श्रद्धापूर्वक मनाई गई अक्षय नवमी



लखीसराय से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

संतान की सुख-समृद्धि के लिए लखीसराय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई अक्षय नवमी, आंवला वृक्ष के नीचे उमड़ी व्रतियों की भीड़

लखीसराय जिले में संतान की दीर्घायु, सुख-शांति और परिवार की समृद्धि की कामना के साथ बुधवार को पूरे लखीसराय जिले में आस्था और श्रद्धा के साथ अक्षय नवमी (आंवला नवमी) का पर्व मनाया गया। सुबह से ही शहरी और ग्रामीण इलाकों के मंदिरों, बगीचों और आंवला वृक्षों के नीचे महिला व्रतियों की भारी भीड़ देखी गई।

महिलाओं ने विधि-विधान से आंवला वृक्ष की पूजा-अर्चना की, कच्चा सूत लपेटा और भगवान विष्णु तथा माता लक्ष्मी से संतान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। पूजा के उपरांत व्रतियों ने परिवार व सगे-संबंधियों के साथ आंवला वृक्ष की छांव में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान पूरे जिले में भक्तिमय माहौल बना रहा। आज के दिन आंवले बृक्ष की विधि विधान से पुजा की जाती है धार्मिक मान्यताओं के अनुसार भगवान विष्णु माता लक्ष्मी और शिव ब्रह्मा का वास आंवला के पेड़ में होता है अक्षय नवमी के दिन ही त्रेता युग का आरंभ हुआ था अक्षय नवमी के दिन जप तप दान और पूजन का फल का महत्व काफी बताया गया है

बाइट- टिंकू कुमार पाण्डेय,पुजारी

— Awanish Kumar

टक्कर



तेज रफ्तार से आ रही बाइक में मारी जोरदार टक्कर

तेज रफ्तार से आ रही अपाची बाकी ने मारा जोरदार टक्कर एक व्यक्ति गभीर रूप से घायल मौके पे चालक फरार हो गया उसके पीछे बैठे एक व्यक्ति पकड़ा गया घायल व्यक्ति की पहचा मांझी थाना क्षेत्र दक्षिण टोला निवाशी भागू शाह के रूप में हुआ है। अभी उनका इलाज मांझी समुदाय केंद्र में चल रहा

— Amit kumar

सरकारी योजना

सुशासन दिवस नीतीश सवांद कि तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित



कायमनगर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कायमनगर में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित

24 नवंबर को पूरे बिहार में आयोजित होगा सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम लेशी सिंह

आगामी 24 नवंबर को आयोजित होने वाले सुशासन दिवस–नीतीश संवाद कार्यक्रम की सफलता एवं तैयारियों को लेकर तपेश्वर सिंह टीचर ट्रेनिंग कॉलेज, कायमनगर में तैयारी समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार की भवन निर्माण मंत्री सह सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम की प्रदेश संयोजक श्रीमती लेशी सिंह उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधान पार्षद डॉक्टर अजय सिंह ने की, जबकि मंच का संचालन जनता दल यूनाइटेड भोजपुर जिलाध्यक्ष भीम सिंह पटेल ने किया।बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री श्रीमती लेशी सिंह जी ने कहा कि वर्ष 2005 से बिहार के विकास की जो नई यात्रा शुरू हुई, उसमें माननीय नीतीश कुमार जी के दूरदर्शी नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति की ऐतिहासिक भूमिका रही है। उन्होंने बिहार को अराजकता और अव्यवस्था के दौर से निकालकर सुशासन, विकास और विश्वास की नई पहचान दिलाई।

श्रीमती सिंह ने आगे कहा कि इन ऐतिहासिक उपलब्धियों और बिहार के विकास की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाने तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करने के उद्देश्य से जनता दल (यूनाइटेड) द्वारा आगामी 24 नवंबर 2026 को पूरे बिहार में सुशासन दिवस नीतीश संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मौके पर संदेश विधानसभा क्षेत्र के विधायक राधाचरण साह, पूर्व विधायक प्रभुनाथ राम, प्रदेश सचिव अंजनी सिंह , संजय महासेठ, कन्हैया प्रसाद, सुरेंद्र रजवार ,जिला कार्यक्रम संयोजक संजय मल्लाकार, जदयू के वरिष्ठ नेता भाई बरमेश्वर, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय सिंह एवं महानगर अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी, पुष्पा कुशवाहा, मनोजा देवी उपस्थित रही ।

बाइट स्वास्थ मंत्री निशांत कुमार

बाइट। भवन निर्माण मंत्री लेसी सिंह

— Awanish Kumar

पकरीबरावां मुख्य बाजार में जीरो टॉलरेंस व्यवस्था फेल, बस चालकों की मनमानी से जाम का अड्डा



पकरीबरावां (नवादा) के मुख्य बाजार में जाम की समस्या विकराल होती जा रही है, जबकि यहाँ जीरो टॉलरेंस व्यवस्था घोषित होने के बावजूद बस चालकों की मनमानी और अतिक्रमण के कारण आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

नवादा के तत्कालीन जिलाधिकारी कौशल कुमार ने मुख्य बाजार को जीरो टॉलरेंस क्षेत्र घोषित किया था और बस चालकों को ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि मुख्य बाजार में किसी भी स्थान पर बस रोककर न तो यात्रियों को चढ़ाना है और न ही उतारना है। परंतु वर्तमान में बस चालक मुख्य बाजार में ही घंटों बस खड़ी कर यात्रियों को चढ़ाते-उतारते हैं, जबकि निर्देशों का पालन नहीं हो रहा है।

जाम की स्थिति इतनी गंभीर हो गई है कि स्कूली वाहनों में बैठे बच्चे और मरीजों को लेकर जा रही एंबुलेंस भी घंटों फंसी रहती हैं। वारिसलीगंज मोड़ के समीप बस चालक लंबे समय तक बस खड़ी रखते हैं, जिससे पीछे स्कूली वाहन और एंबुलेंस के सायरन बजते रहते हैं, परंतु इसका बस चालकों पर कोई असर नहीं पड़ता। इस दौरान आम लोगों और वाहन चालकों के बीच तू-तू, मैं-मैं की स्थिति भी उत्पन्न होती रहती है।

मुख्य बाजार के फुटपाथ पर अतिक्रमणकारियों का कब्जा भी जाम का एक प्रमुख कारण है। कई दुकानदार अपनी दुकानों के सामने फुटपाथ पर अवैध रूप से दुकानें लगवाते हैं और इसके बदले मनमानी राशि वसूलते हैं, जिससे आवागमन के लिए जगह लगातार कम होती जा रही है।

पकरीबरावां के अंचल अधिकारी ने बताया कि बाजार में बढ़ती जाम की समस्या की शिकायत मिली है और अतिक्रमित स्थलों को चिह्नित कर हटाने की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सड़क पर वाहन खड़ा कर आवागमन बाधित करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

— Ramlakhan Kumar

स्थानीय

कटिहार में हुए भीषण सड़क हादसे में तीन कि मौत एक घायल



कटिहार से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

कटिहार में भीषण सड़क हादसा, ट्रक-टेंपो-ट्रैक्टर की टक्कर में तीन की मौत, एक घायल परिवारों की खुशियां छीन लीं। तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों की टक्कर में तीन युवकों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। सड़क पर बिखरे वाहनों के बीच जिंदगी और मौत से जूझते लोगों को देख स्थानीय लोग मदद के लिए दौड़ पड़े। यह दर्दनाक हादसा पोठिया थाना क्षेत्र के एनएच-31 स्थित बखरी मोड़ के पास हुआ। बताया जा रहा है कि सुबह के समय ट्रक, टेंपो और ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर आपस में टकरा गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि तीन लोगों की जान चली गई जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक सुबह के समय इलाके में धुंध छाई हुई थी। ऐसे में हादसे की वजह धुंध भी हो सकती है। हालांकि प्रारंभिक जानकारी में वाहनों के अनियंत्रित होने की बात सामने आ रही है। दुर्घटना की वास्तविक वजह जांच के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। हादसे में जान गंवाने वाले तीनों युवक एक ही गांव के रहने वाले थे। मृतकों की पहचान समेली प्रखंड के विष्णुचक गांव वार्ड नंबर 9 निवासी जितेंद्र कुमार उर्फ जीतू (22), भीम कुमार साह (35) और बाजू कुमार साह (32) के रूप में हुई है। वहीं हादसे में मनीष कुमार साह (24) घायल हुए हैं। घायल मनीष को इलाज के लिए कटिहार मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। पुलिस मामले की जांच और आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। एक ही गांव के तीन लोगों की मौत की खबर से विष्णुचक में मातम पसरा है। जिन घरों में सुबह की शुरुआत रोजमर्रा की जिंदगी के साथ हुई थी वहां अब अपनों को खोने का दर्द और इंतजार कभी खत्म न होने वाली उदासी है।

— Awanish Kumar

स्थानीय

वो आई पी प्रमुख पर भाजपा नेता को 6इंच छोटा करने कि धमकी देने का आरोप



दरभंगा से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

VIP प्रमुख मुकेश सहनी पर भाजपा नेता को छह इंच छोटा करने की धमकी देने का आरोप, भाषण का वीडियो वायरल; भाजपा जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने किया पलटवार

दरभंगा से इस वक्त की बड़ी खबर आ रही है, जहां VIP प्रमुख एवं बिहार सरकार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी अपने एक बयान को लेकर विवादों में घिर गए हैं। उन पर भाजपा नेता संतोष यादव को छह इंच छोटा करने की धमकी देने का आरोप लगा है। मामले को लेकर भाजपा नेता ने तिलकेश्वर थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं, मुकेश सहनी के भाषण का वीडियो भी सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

पूरा विवाद कुशेश्वरस्थान पूर्वी प्रखंड के महिषौत गांव में निषाद समाज के कुलदेवता बाबा अमर सिंह महाराज के मंदिर निर्माण को लेकर है। मुकेश सहनी का आरोप है कि संतोष यादव मंदिर निर्माण में बाधा डाल रहे हैं। वहीं, संतोष यादव की मांग है कि सरकारी जमीन पर बनने वाले मंदिर को सार्वजनिक मंदिर के रूप में विकसित किया जाए।

इस मामले पर भाजपा के पूर्वी जिलाध्यक्ष विनय पासवान ने भी मुकेश सहनी के बयान पर नाराजगी जताते हुए पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि यह सम्राट चौधरी की सरकार है, यहां जंगलराज की बात नहीं चलेगी। दोनों समाज के लोग आपस में बैठकर मामले का समाधान कर सकते हैं, ऐसे बयान से समाज में तनाव बढ़ सकता है।

इधर, तिलकेश्वर थानाध्यक्ष ने आवेदन मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

— Awanish Kumar

पटना में यातायात पुलिस ने लाइन डे समीक्षा बैठक आयोजित की



पटना, बिहार – पटना यातायात पुलिस ने आज अपने कार्यालय में लाइन डे के उपलक्ष्य में एक व्यापक समीक्षा बैठक आयोजित की।

इस बैठक का संचालन पुलिस अधीक्षक ने किया और इसमें सभी स्तर के पुलिस कर्मियों को आमंत्रित किया गया। बैठक में क्रमबद्ध रूप से एजेंडा प्रस्तुत किया गया।

चर्चा का मुख्य बिंदु पुलिस कर्मियों के कल्याण, अनुशासन और विभागीय मामलों की विस्तृत समीक्षा था। विभिन्न विभागों ने अपने-अपने कार्य-क्षेत्र की प्रगति और चुनौतियों को प्रस्तुत किया।

समीक्षा के बाद भविष्य की कार्य-योजना तैयार करने का निर्णय लिया गया, जिससे पुलिस कर्मियों के कार्य-परिस्थिति में सुधार और अनुशासनात्मक मानकों को सुदृढ़ किया जा सके।

— Anand Kumar, पटना

यात्रा

छठ पर्व खत्म होते शुरू हुआ पलायन भागलपुर स्टेशन पर उमड़ा जाने वाले यात्रियों कि भीड़



भागलपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

छठ खत्म होते ही शुरू हुआ पलायन, भागलपुर स्टेशन पर उमड़ा यात्रियों का सैलाब; अपनों से बिछड़ते छलके आंसू!

महापर्व छठ संपन्न होते ही बिहार से पलायन की एक बार फिर भयावह तस्वीर सामने आने लगी है। त्योहार खत्म होते ही रोजी-रोटी की तलाश में हजारों लोग अपने घर-परिवार को छोड़कर दूसरे प्रदेशों की ओर लौटने को मजबूर हैं। भागलपुर रेलवे जंक्शन पर उमड़ी यात्रियों की भारी भीड़ इसकी गवाही दे रही है। भागलपुर से आनंद विहार जाने वाली विक्रमशिला एक्सप्रेस में सवार होने के लिए यात्रियों की आधा किलोमीटर से भी लंबी कतार लगी है। जनरल बोगी में जगह पाने के लिए लोगों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। किसी की आंखों में अपनों से बिछड़ने का दर्द है, तो कोई परिवार के बेहतर भविष्य और दो वक्त की रोटी के लिए घर छोड़ने को मजबूर है। भावुक यात्रियों का कहना है कि अगर बिहार में ही रोजगार के पर्याप्त अवसर मिलें, तो उन्हें अपने परिवार और अपनों को छोड़कर दूसरे प्रदेशों में मजदूरी करने नहीं जाना पड़ेगा। देखिए, कैसे नम आंखों और भारी मन से लोग अपने घर से विदा हो रहे हैं और बयां कर रहे हैं पलायन की दर्दनाक मजबूरी की कहानी

बाइट यात्री

— Awanish Kumar

स्थानीय

डोभी थाना क्षेत्र के डोभी चतरा मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में एक 5वर्षीय बच्चे कि हुई मौत



गयाजी से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

गया के डोभी चतरा में पर दर्दनाक सड़क हादसा ! ट्रक की चपेट में आने से 5 वर्षीय मासूम आयुष की मौत ! आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने किया सड़क जाम ! चतरा मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 5 वर्षीय मासूम आयुष की मौत हो गई। हादसे के बाद पूरे इलाके में मातम पसरा हुआ है। मृतक बच्चे की पहचान आयुष के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि आयुष अपने परिवार का इकलौता बच्चा था। उसकी मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक परिवार हत्यागंज थाना छेत्र के गोडवाली गॉव का रहने वाला है । वाली तस्वीरों में आप देख सकते हैं कि मासूम की मौत के बाद किस तरह परिजनों और आक्रोशित ग्रामीणों ने सड़क पर शव को रखकर जाम लगा दिया।

देखते ही देखते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और करीब दो किलोमीटर तक जाम की स्थिति बन गई। परिजन और ग्रामीण मृतक के परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग पर अड़े रहे। इस जाम में एम्बुलेंस काफी देर तक फंसा रहा वहीं, जाम खुलवाने पहुंची पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ट्रक चालक को गिरफ्तार कर लिया है। काफी देर तक समझाने-बुझाने के बाद पुलिस ने परिजनों को शांत कराया, जिसके बाद सड़क जाम हटाया गया और यातायात बहाल हो सका। फिलहाल पुलिस पूरे मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई में जुटी है। लेकिन सवाल यही है कि आखिर इस मासूम की मौत की भरपाई कौन करेगा?

बाइट मृतककि मां

बाइट चश्मदीद

बाइट राजन कुमार (SDPO शेरघाटी 2)

र

— Awanish Kumar

यात्रा

सूचना



मांझी पुलिस की अपील: घर में ताला लगाकर बाहर जा रहे हैं तो थाना को जरूर दें सूचना


मांझी थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में रहने वाले लोगों से पुलिस ने अपील की है कि यदि वे अपने घर में ताला लगाकर दो-चार दिनों के लिए कहीं बाहर जाते हैं, अथवा बाहर रहकर नौकरी या रोजगार करते हैं, तो इसकी सूचना अवश्य दें।

थानाध्यक्ष बिनोद कुमार ने बताया कि लोग थाना पर आकर अथवा उनके मोबाइल नंबर 9031827173 पर फोन करके सूचना दे सकते हैं। सूचना मिलने पर पुलिस समय रहते उनके घर की बेहतर सुरक्षा की व्यवस्था कर सकेगी। #मांझी #NagarPanchayat #Manjhi #chapra #saran #Daudpur #vairalvideo #vairalpost #***Manjhi*** #police

— Amit kumar

धर्म

छठी मैया को भावपूर्ण विदाई, चार दिवसीय छठ पूजा का समापन



छठ पूजा के चार दिवसीय पावन उत्सव के समापन के बाद, श्रद्धालुओं ने छठी मैया को श्रद्धा और भक्ति के साथ विदाई दी। इस विदाई समारोह में पारंपरिक रीति-रिवाजों का पूर्ण पालन किया गया।

पूजा के दौरान व्रतियों ने अपने परिवार और समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। सभी ने विधि-विधान के अनुसार अर्घ्य, सूर्यास्त अर्घ्य और प्रसाद अर्पित किया।

समारोह के अंत में विदाई गीतों ने वातावरण को भावनात्मक बना दिया। श्रद्धालुओं ने छठी मैया के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए उनके आशीर्वाद की कामना की। व्यक्त की और कहा, “हे छठी मैया! अगले बरस फिर जल्दी आइब, सबके जीवन में सुख, शांति और समृद्धि ले आइब।”

इस प्रकार आस्था, विश्वास और लोक परंपरा के साथ छठ महापर्व का समापन हुआ और सभी ने छठी मैया से भविष्य में भी अपनी कृपा बनाए रखने की प्रार्थना की। जय छठी मैया!

— Amit Kumar

स्थानीय

बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 बड़े फैसलों पर लगी मुहर, खनिज ब्लॉकों की होगी ई-नीलामी; किसानों के लिए 11,200 करोड़ की सरकारी गारंटी से लेकर एक्सप्रेस-वे और कैंसर अस्पताल तक को मंजूरी.....

बिहार कैबिनेट की बैठक में 14 बड़े फैसलों पर लगी मुहर, खनिज ब्लॉकों की होगी ई-नीलामी; किसानों के लिए 11,200 करोड़ की सरकारी गारंटी से लेकर एक्सप्रेस-वे और कैंसर अस्पताल तक को मंजूरी.....

**********::

पटना: बिहार की सम्राट चौधरी सरकार ने राज्य के विकास, औद्योगिक निवेश, किसानों की सुविधा, स्वास्थ्य सेवाओं और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को लेकर कई महत्वपूर्ण फैसले लिए हैं। बुधवार, 18 नवंबर 2026 को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में पटना में हुई कैबिनेट की बैठक में कुल 14 एजेंडों पर स्वीकृति दी गई। बैठक में खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी से लेकर बक्सर-भागलपुर छह लेन एक्सप्रेस-वे की डीपीआर तैयार करने, किसानों के लिए 11,200 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी और दरभंगा में कैंसर अस्पताल के संचालन जैसे महत्वपूर्ण प्रस्ताव शामिल रहे।

कैबिनेट के इन फैसलों का उद्देश्य बिहार में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आम लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। खास बात यह है कि सरकार ने एक ही बैठक में कृषि, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सौर ऊर्जा और डिजिटल प्रशासन जैसे कई क्षेत्रों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

कैबिनेट के इन फैसलों का उद्देश्य बिहार में औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा देना, रोजगार के अवसर पैदा करना और आम लोगों को बेहतर बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। खास बात यह है कि सरकार ने एक ही बैठक में कृषि, सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, सौर ऊर्जा और डिजिटल प्रशासन जैसे कई क्षेत्रों से जुड़े प्रस्तावों को मंजूरी दी है।

1. जमुई और बांका के खनिज ब्लॉकों की होगी ई-नीलामी

कैबिनेट की बैठक में बिहार की खनिज संपदा के व्यावसायिक उपयोग को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। सरकार ने जमुई और बांका जिले में स्थित तीन खनिज ब्लॉकों की ई-नीलामी की प्रक्रिया आगे बढ़ाने को मंजूरी दी है।

इसके तहत जमुई जिले के मजोस और भंटा में स्थित मैग्नेटाइट (लौह अयस्क) ब्लॉक तथा बांका जिले के पिंडारा में स्थित कॉपर-लेड-जिंक यानी तांबा, सीसा और जस्ता ब्लॉक की नीलामी की तैयारी की जाएगी।

इसके लिए खनिज संसाधनों का मूल्यांकन, आरक्षित मूल्य और नीलामी की समय-सीमा निर्धारित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इन खनिज संसाधनों के उपयोग से बिहार में खनन आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राज्य में निवेश और रोजगार के नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

इसके तहत जमुई जिले के मजोस और भंटा में स्थित मैग्नेटाइट (लौह अयस्क) ब्लॉक तथा बांका जिले के पिंडारा में स्थित कॉपर-लेड-जिंक यानी तांबा, सीसा और जस्ता ब्लॉक की नीलामी की तैयारी की जाएगी।

इसके लिए खनिज संसाधनों का मूल्यांकन, आरक्षित मूल्य और नीलामी की समय-सीमा निर्धारित की जाएगी। सरकार का मानना है कि इन खनिज संसाधनों के उपयोग से बिहार में खनन आधारित उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही राज्य में निवेश और रोजगार के नए

सरकारी गारंटी

कैबिनेट ने किसानों के हित में भी बड़ा फैसला लिया है। वित्तीय वर्ष 2026-27 के रबी और खरीफ विपणन मौसम में धान और गेहूं की खरीद सुचारू रूप से संचालित करने के लिए बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम को 11,200 करोड़ रुपये के ऋण पर राज्य सरकार की गारंटी देने की मंजूरी दी गई है।

इस फैसले से निगम को खाद्यान्न अधिप्राप्ति के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन जुटाने में मदद मिलेगी। इसका उद्देश्य किसानों से समय पर अनाज की खरीद सुनिश्चित करना और खरीद व्यवस्था को बाधारहित बनाए रखना है।

इससे किसानों को अपनी उपज बेचने में सहूलियत मिलने और सरकारी खरीद व्यवस्था को मजबूत करने की उम्मीद है।

4. पटना में 305 करोड़ रुपये से बनेगा आईआईटी रिसर्च पार्क

राजधानी पटना में शोध और तकनीकी विकास को बढ़ावा देने के लिए आईआईटी रिसर्च पार्क के निर्माण से जुड़े प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई है।

इस परियोजना की कुल लागत 305 करोड़ रुपये निर्धारित की गई है। इसके लिए आईआईटी मद्रास के सेंटर फॉर अर्बनाइजेशन, बिल्डिंग एंड एनवायरनमेंट (CUBE) को मुख्य परामर्शी और प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंट के रूप में चयनित करने की स्वीकृति दी गई है।

इस रिसर्च पार्क के माध्यम से तकनीकी शोध, नवाचार, उद्योगों के साथ शैक्षणिक संस्थानों का सहयोग और स्टार्टअप गतिविधियों को प्रोत्साहित करने की उम्मीद है। इससे बिहार के युवाओं को शोध और तकनीकी क्षेत्र में नए अवसर मिल सकते हैं।

5. दरभंगा में खुलेगा सिर और गर्दन के कैंसर का अस्पताल

स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए कैबिनेट ने दरभंगा में एक महत्वपूर्ण चिकित्सा सुविधा शुरू करने की मंजूरी दी है।

दरभंगा के गंगवारा स्थित सदर अस्पताल परिसर में सिर एवं गर्दन के कैंसर के इलाज के लिए विशेष अस्पताल का संचालन किया जाएगा। इस अस्पताल का संचालन मुजफ्फरपुर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की ओर से किया जाएगा।

इस फैसले से ग्रामीण जलापूर्ति व्यवस्था में बिजली की खपत कम करने और सौर ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। इसका लाभ गांवों में रहने वाले लोगों को मिल सकता है।

8. सप्तम राज्य वित्त आयोग का कार्यकाल बढ़ा

कैबिनेट ने सप्तम राज्य वित्त आयोग के कार्यकाल को 31 मार्च 2027 तक बढ़ाने की मंजूरी दी है।

राज्य वित्त आयोग का काम स्थानीय निकायों की वित्तीय व्यवस्था और संसाधनों के वितरण से जुड़े विषयों पर सुझाव देना है। आयोग का कार्यकाल बढ़ने से इससे संबंधित कार्यों को पूरा करने के लिए अतिरिक्त समय उपलब्ध होगा।

9. सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में 124 स्थायी पदों का सृजन

डिजिटल प्रशासन को मजबूत करने के लिए बिहार सरकार ने सूचना प्रावैधिकी विभाग के मुख्यालय और क्षेत्रीय कार्यालयों में कुल 124 स्थायी पदों के सृजन को मंजूरी दी है।

ये पद ई-गवर्नेंस, प्लानिंग और प्रोजेक्ट्स से संबंधित कार्यों के लिए बनाए जाएंगे।

सरकार का उद्देश्य सरकारी विभागों में तकनीक के इस्तेमाल को बढ़ाना, डिजिटल परियोजनाओं का बेहतर संचालन करना और आम नागरिकों को सरकारी सेवाएं आसानी से उपलब्ध कराना है।

बुधवार को हुई कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों को अलग-अलग क्षेत्रों में विकास की योजनाओं को आगे बढ़ाने से जोड़कर देखा जा रहा है।

औद्योगिक विकास: जमुई और बांका के खनिज ब्लॉकों की नीलामी से खनन क्षेत्र में निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी।

किसानों को सहायता: 11,200 करोड़ रुपये की सरकारी गारंटी से खाद्यान्न खरीद व्यवस्था को वित्तीय मजबूती मिलेगी।

सड़क कनेक्टिविटी: बक्सर-भागलपुर एक्सप्रेस-वे की डीपीआर तैयार होने से परियोजना को आगे बढ़ाने का रास्ता खुलेगा।

स्वास्थ्य सुविधाएं: दरभंगा में कैंसर अस्पताल शुरू होने से मरीजों को विशेष इलाज की सुविधा मिलेगी।

ग्रामीण विकास: पंचायत भवनों और जलापूर्ति केंद्रों पर सोलर पैनल लगाने से स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा।

डिजिटल प्रशासन: सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में 124 स्थायी पद बनने से ई-गवर्नेंस से जुड़े कार्यों को मजबूती मिलेगी।

बिहार के विकास को लेकर सरकार का फोकस

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों से साफ है कि राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास, किसानों की सुविधा, स्वास्थ्य, सड़क और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है।

खनिज संपदा के बेहतर इस्तेमाल से लेकर छह लेन एक्सप्रेस-वे की योजना और आईआईटी रिसर्च पार्क तक, इन प्रस्तावों का संबंध बिहार की अर्थव्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने से है।

मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में हुई इस कैबिनेट बैठक में लिए गए फैसलों से साफ है कि राज्य सरकार ने औद्योगिक विकास, किसानों की सुविधा, स्वास्थ्य, सड़क और ग्रामीण बुनियादी ढांचे को प्राथमिकता दी है।

खनिज संपदा के बेहतर इस्तेमाल से लेकर छह लेन एक्सप्रेस-वे की योजना और आईआईटी रिसर्च पार्क तक, इन प्रस्तावों का संबंध बिहार की अर्थव्यवस्था और आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने से है।

हालांकि, कई परियोजनाओं के लिए अभी डीपीआर, तकनीकी प्रक्रिया और आगे की प्रशासनिक कार्रवाई पूरी होनी बाकी है। ऐसे में इन फैसलों का वास्तविक लाभ संबंधित योजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद दिखाई देगा।

कुल मिलाकर, 18 नवंबर 2026 की बिहार कैबिनेट बैठक में 14 एजेंडों पर मिली मंजूरी राज्य के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों के लिए अहम मानी जा रही है।

आधार: 18 नवंबर 2026 की कैबिनेट बैठक से संबंधित प्रकाशित रिपोर्टें।

चाहें तो इस खबर के लिए मैं एक आकर्षक न्यूज़ पोर्टल हेडलाइन और SEO फ्रेंडली इंट्रो भी तैयार कर सकता हूं।

— TARUN KUMAR

नवादा में प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत छात्राओं ने शपथ ली



नवादा में प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, अकबरपुर में 18 नवंबर 2026 को महिला एवं बाल विकास निगम, समाज कल्याण विभाग, बिहार सरकार द्वारा संचालित मिशन शक्ति योजना के तहत जिला हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वीमेन (DHEW) द्वारा 100 दिवसीय बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीति को जड़ से समाप्त करना और बेटियों के सुरक्षित भविष्य को सुनिश्चित करना था।

कार्यक्रम में छात्राओं को बाल विवाह प्रतिबंध अधिनियम, 2006 के कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि बाल विवाह एक दंडनीय अपराध है और इसके आयोजन तथा संपादन में शामिल व्यक्तियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बाल विवाह से होने वाले स्वास्थ्य संबंधी खतरों, शिक्षा पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों और मानसिक दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।


छात्राओं को बाल विवाह की सूचना देने के लिए उपलब्ध चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, महिला हेल्पलाइन 181 और आपातकालीन सेवा 112 के नंबर भी प्रदान किए गए। इन हेल्पलाइन के माध्यम से किसी भी प्रकार की कुप्रथा की तुरंत रिपोर्ट की जा सकती है।

कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं, शिक्षकों और उपस्थित कर्मियों ने बाल विवाह के खिलाफ आवाज उठाने, इसकी रोकथाम में सक्रिय भूमिका निभाने और समाज से इस कुप्रथा को समाप्त करने की शपथ ली।

— Ramlakhan Kumar

राजनीति

बिहार के मंत्री अशोक चौधरी की असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी पर विवाद, RJD का हमला; मनोज झा ने 57 साल की उम्र में नियुक्ति पर उठाए सवाल, MLC सदस्यता रद्द करने की मांग.....



बिहार के मंत्री अशोक चौधरी की असिस्टेंट प्रोफेसर की नौकरी पर विवाद, RJD का हमला; मनोज झा ने 57 साल की उम्र में नियुक्ति पर उठाए सवाल, MLC सदस्यता रद्द करने की मांग.....

****

पटना: बिहार की राजनीति में मंत्री अशोक चौधरी की असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति को लेकर विवाद गहरा गया है। इस मामले को लेकर राष्ट्रीय जनता दल (RJD) ने नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू के वरिष्ठ नेता और बिहार सरकार के मंत्री अशोक चौधरी पर सवाल खड़े किए हैं। बुधवार को राजद सांसद प्रोफेसर मनोज झा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उनकी नियुक्ति और एक साथ कई पदों पर बने रहने को लेकर जांच की मांग की। उन्होंने अशोक चौधरी की विधान परिषद सदस्यता समाप्त करने की मांग भी उठाई है।

दरअसल, अशोक चौधरी बिहार सरकार में खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री होने के साथ-साथ विधान परिषद के सदस्य भी हैं। इसी बीच उनकी पटना के एएन कॉलेज में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति और योगदान को लेकर कानूनी सवाल खड़े हो गए हैं। विवाद इस बात को लेकर है कि क्या कोई व्यक्ति मंत्री और विधान परिषद सदस्य रहते हुए विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर नियुक्त हो सकता है।

मनोज झा ने उठाए सवाल

राजद सांसद मनोज झा ने आरोप लगाया कि अशोक चौधरी ने लगभग 56-57 वर्ष की उम्र में असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियुक्ति प्राप्त की और इस साल 17 फरवरी को पटना के एएन कॉलेज में योगदान भी किया।

मनोज झा ने सवाल उठाया कि जब अशोक चौधरी पहले से मंत्री और विधान परिषद के सदस्य थे, तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय में उनकी नियुक्ति और पद पर बने रहने की कानूनी वैधता क्या है?

उन्होंने इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और नियमों के अनुसार कार्रवाई करने की मांग की है।

मंत्री, MLC और असिस्टेंट प्रोफेसर के तीन पदों पर विवाद

मनोज झा का मुख्य सवाल यह है कि अशोक चौधरी एक साथ तीन भूमिकाओं में कैसे बने रह सकते हैं। उनके अनुसार, अशोक चौधरी मंत्री होने के साथ विधान परिषद के सदस्य हैं और उन्होंने असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर भी योगदान किया है।

राजद सांसद ने इसे लाभ के पद यानी ऑफिस ऑफ प्रॉफिट का मामला बताते हुए कहा कि इस विषय पर कानूनी प्रावधानों के अनुसार निर्णय होना चाहिए।

उन्होंने वर्ष 2006 के सुप्रीम कोर्ट के जया बच्चन मामले का भी उल्लेख किया। मनोज झा का तर्क है कि उस फैसले में लाभ के पद को लेकर महत्वपूर्ण कानूनी सिद्धांत स्थापित किए गए थे, जिन्हें इस मामले में भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

राज्यपाल सचिवालय ने महाधिवक्ता से मांगी कानूनी राय

अशोक चौधरी की नियुक्ति को लेकर विवाद पहले से ही चर्चा में है। मामले में राज्यपाल सचिवालय की ओर से बिहार के महाधिवक्ता से कानूनी राय मांगी गई है।

इससे पहले विश्वविद्यालय के सिंडिकेट में भी अशोक चौधरी के अवकाश और लियन से संबंधित अनुरोध पर चर्चा हुई थी। 19 अगस्त को हुई बैठक में उनके अनुरोध को मंजूरी नहीं दी गई थी और मामले में आगे मार्गदर्शन लेने का प्रस्ताव रखा गया था।

राजभवन की ओर से उठाए गए सवालों में प्रोबेशन अवधि के दौरान लियन और अवकाश की वैधता तथा लाभ के पद से जुड़े संवैधानिक प्रावधान शामिल हैं।

अशोक चौधरी ने क्या दिया जवाब?

दूसरी तरफ अशोक चौधरी ने अपनी नियुक्ति को लेकर उठ रहे सवालों पर अपना पक्ष रखा है। उनका कहना है कि उन्होंने निर्धारित प्रक्रिया के तहत आवेदन किया था और नियुक्ति से पहले आवश्यक सरकारी मंजूरियां प्राप्त की थीं।

उनका तर्क है कि केवल विधायक या विधान पार्षद होने के कारण किसी व्यक्ति को विश्वविद्यालय में शिक्षक पद के लिए आवेदन करने से नहीं रोका जा सकता। उन्होंने यह भी कहा है कि इस मामले में कानून की व्याख्या निष्पक्ष तरीके से होनी चाहिए।

RJD ने कार्रवाई की मांग तेज की

मनोज झा ने कहा कि उनकी पार्टी इस मामले को उचित कानूनी और संवैधानिक मंच पर आगे बढ़ाएगी। उन्होंने मांग की कि पूरे मामले पर समयबद्ध निर्णय लिया जाए और यदि नियमों का उल्लंघन हुआ है तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई हो।

राजद की ओर से यह भी सवाल उठाया गया है कि जब मामला राज्यपाल सचिवालय और विश्वविद्यालय के स्तर पर विचाराधीन है, तो सरकार की ओर से स्पष्ट स्थिति क्यों नहीं रखी जा रही है।

अब महाधिवक्ता की राय पर टिकी निगाहें

अशोक चौधरी की नियुक्ति का मामला अब बिहार की राजनीति के साथ-साथ कानूनी बहस का विषय बन गया है। एक तरफ राजद उनकी विधान परिषद सदस्यता को लेकर सवाल उठा रहा है, वहीं दूसरी तरफ अशोक चौधरी अपनी नियुक्ति को नियमों के अनुरूप बता रहे हैं।

अब इस पूरे मामले में महाधिवक्ता की कानूनी राय और बिहार विधान परिषद के सभापति के स्तर पर होने वाली संभावित कार्रवाई महत्वपूर्ण होगी।

की असिस्टेंट प्रोफेसर नियुक्ति ने राज्य की राजनीति में नया विवाद खड़ा कर दिया है। 57 साल की उम्र में विश्वविद्यालय में नियुक्ति, मंत्री और MLC रहते हुए योगदान तथा लाभ के पद का सवाल अब इस पूरे मामले के केंद्र में है। अंतिम फैसला संबंधित संवैधानिक और कानूनी प्राधिकारियों को करना है।

— TARUN KUMAR

राजनीति

नीतीश सेतु के नामकरण पर नीतीश कुमार की चुप्पी, सवाल पूछते ही जोड़ लिए हाथ; बिना जवाब दिए हुए रवाना.....



नीतीश सेतु के नामकरण पर नीतीश कुमार की चुप्पी, सवाल पूछते ही जोड़ लिए हाथ; बिना जवाब दिए हुए रवाना.....

****

पटना: बिहार की राजनीति में नीतीश सेतु के नामकरण को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुल के नाम को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जब सवाल पूछा गया तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया देने के बजाय हाथ जोड़ लिए और वहां से रवाना हो गए। पत्रकारों के सवाल पर उनकी इस चुप्पी ने राजनीतिक गलियारों में नई चर्चा शुरू कर दी है।

दरअसल, नीतीश सेतु का उद्घाटन 21 नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने की तैयारी है। उद्घाटन से पहले पुल के नामकरण को लेकर सवाल उठने लगे हैं। इसी सिलसिले में जब पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनकी प्रतिक्रिया जानने की कोशिश की गई तो उन्होंने सवाल का जवाब नहीं दिया।

नामकरण पर सवाल पूछते ही जोड़ लिए हाथ

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, नीतीश कुमार से जब नीतीश सेतु के नामकरण को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने पत्रकारों के सामने हाथ जोड़ दिए। उन्होंने इस मुद्दे पर कोई राजनीतिक या आधिकारिक बयान नहीं दिया और बिना कुछ कहे वहां से चले गए।

उनकी इस प्रतिक्रिया के बाद यह मामला चर्चा का विषय बन गया है। हालांकि, उन्होंने सवाल का जवाब क्यों नहीं दिया, इस संबंध में कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

21 नवंबर को प्रधानमंत्री मोदी करेंगे पुल का उद्घाटन

नीतीश सेतु को लेकर 21 नवंबर की तारीख महत्वपूर्ण मानी जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस पुल का उद्घाटन करेंगे। इसके बाद आम लोगों के लिए इसके उपयोग और यातायात व्यवस्था को लेकर भी महत्वपूर्ण बदलाव देखने को मिल सकते हैं।

इस परियोजना से संबंधित क्षेत्र में आवागमन को आसान बनाने और सड़क संपर्क को बेहतर करने की उम्मीद है।

नामकरण को लेकर क्यों हो रही चर्चा?

पुल का नाम नीतीश सेतु रखे जाने को लेकर राजनीतिक और सार्वजनिक स्तर पर चर्चा हो रही है। इसी विषय पर पत्रकारों ने नीतीश कुमार से सवाल किया था।

नीतीश कुमार बिहार की राजनीति में लंबे समय तक मुख्यमंत्री की भूमिका निभा चुके हैं। ऐसे में उनके नाम से जुड़े पुल के नामकरण पर उनकी प्रतिक्रिया को लेकर भी लोगों की दिलचस्पी बनी हुई है।

हालांकि, इस मुद्दे पर नीतीश कुमार की ओर से फिलहाल कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है।

राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज

नीतीश कुमार का सवाल पर हाथ जोड़ना और बिना प्रतिक्रिया दिए वहां से चले जाना राजनीतिक चर्चा का विषय बन गया है। अब देखना होगा कि पुल के उद्घाटन से पहले या उसके बाद इस नामकरण को लेकर उनकी ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया आती है या नहीं।

फिलहाल सबकी नजर 21 नवंबर को होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उद्घाटन कार्यक्रम पर टिकी है। साथ ही नीतीश सेतु के नामकरण को लेकर राजनीतिक और सार्वजनिक चर्चाएं भी जारी हैं।

स्थानीय

बिहार में टोल टैक्स पर लंबी वाहन कतार



ब्यावर के पिपलाज टोल पर कई वाहनों की लंबी कतार बन गई। यात्रियों ने बताया कि टोल पर पहुँचते ही उन्हें कई मिनटों तक रुकना पड़ा।

में वृद्धि के कारण कतारें सामान्य से अधिक लंबी हो रही हैं।

स्थानीय प्राधिकरण इस स्थिति को देखते हुए टोल प्रक्रिया को तेज़ करने के उपायों पर विचार कर रहे हैं।

— Pankaj Chouhan

अपराध

मुजफरपुर जिला के सदर थाना क्षेत्र के पताही गांव में एक विवाहिता कि संदिग्ध परिस्थिति में हुई मौत



मुजफरपुर से अवनीश कुमार कि रिपोर्ट

उसी घर से उसकी अर्थी उठने की कल्पना भी कोई नहीं करना चाहता। लेकिन मुजफ्फरपुर से आई यह तस्वीर कई सवाल खड़े कर रही है।

एक मां इस दुनिया से चली गई... पीछे छोड़ गई महज 12 साल की एक मासूम बेटी। जिस उम्र में बच्चों को मां की उंगली पकड़कर चलना चाहिए, उस उम्र में इस बच्ची के सिर से मां का साया हमेशा के लिए उठ गया।

और इस कहानी का सबसे दर्दनाक पहलू यह है कि जिस घर में विभा ठाकुर कभी दुल्हन बनकर आई थीं, उसी ससुराल के दरवाजे पर उनके मायके वालों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

मामला मुजफ्फरपुर जिले के सदर थाना क्षेत्र के पताही इलाके का है। मृतका की पहचान 37 वर्षीय विभा ठाकुर के रूप में हुई है। वह मूल रूप से सीतामढ़ी जिले के बेलसंड थाना क्षेत्र के बगाही गांव की रहने वाली थीं। उनकी शादी पताही निवासी चंदन ठाकुर के साथ पूरे रीति-रिवाज से हुई थी।

कड़वाहट आई कि आज यह परिवार एक बेहद दर्दनाक मोड़ पर खड़ा है।

मायके वालों का आरोप है कि विभा को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था। पति की दूसरी शादी को लेकर भी विवाद चल रहा था। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि होना अभी बाकी है।

विभा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मायके वालों का आक्रोश सामने आया। परिजनों ने ससुराल के दरवाजे पर ही उनका अंतिम संस्कार कर दिया।

सोचिए उस 12 साल की बच्ची पर क्या गुजर रही होगी, जिसने अपनी मां को हमेशा के लिए खो दिया। अब उसके सिर पर मां का आंचल नहीं होगा, न ही वह मां की गोद में अपना दुख बांट पाएगी।

लेकिन इस पूरे मामले में कई सवाल आज भी जवाब मांग रहे हैं।

परिस्थितियों में हुई? मायके वालों के लगाए गए प्रताड़ना और दूसरी शादी के आरोपों में कितनी सच्चाई है? क्या इस मामले की निष्पक्ष जांच होगी?

किसी परिवार का विवाद हो या रिश्तों में आई दरार, सबसे ज्यादा दर्द अक्सर उन बच्चों को झेलना पड़ता है, जिनका इसमें कोई कसूर नहीं होता।

आज जरूरत है इस मामले की निष्पक्ष जांच की, ताकि सच्चाई सामने आए और उस मासूम बेटी को न्याय मिल सके।

— Awanish Kumar